**संख्या-25/2022/327/सैंतीस-2-2022-1(43)/02**

प्रेषक,

**देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,**
**विशेष सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

सेवा में,

**मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/प्रक्षेत्र प्रबन्धक,**
**(संलग्न विवरणानुसार)**
**पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।**

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक-16 मार्च, 2022

विषयः- **चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) (कम्पोनेन्ट) के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 के पत्र सं0-115/प0-1/9ख/सूकर /2021-22, दिनांक-11.03.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-10-सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) के विभिन्न मानक मदों में कुल रू0-135.65 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-21/2022/242/सैंतीस-2-2022-1(43)/02, दिनांक-10.03.2022 द्वारा निर्गत की गयी है। उक्त शासनादेश में अंकित स्वीकृत धनराशि की जनपदवार/मदवार फांट त्रुटिपूर्ण होने के कारण पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या-21/2022/242/सैंतीस-2-2022-1(43)/02, दिनांक-10.03.2022 को एतद्द्वारा निरस्त करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-10-सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) के निम्नलिखित मानक मदों में रू0-135.65 लाख (रूपये एक करोड़ पैंतीस लाख पैंसठ हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति संलग्न जनपदवार विवरणानुसार अधोलिखित प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैंः-

| **मानक मद** | **स्वीकृत धनराशि (लाख में)** |
|---|---|
| 02-मजदूरी | 9.40 |
| 29-अनुरक्षण | 13.00 |
| 39-औषधि तथा रसायन | 1.25 |
| 40-औषधालय सम्बन्धी आवश्यक सज्जा | 0.30 |
| 42-अन्य व्यय | 1.25 |
| 43-सामग्री एवं सम्पूर्ति | 110.45 |
| **योग-** | **135.65** |

**(रूपये एक करोड़ पैंतीस लाख पैंसठ हजार मात्र)**

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा एस.सी.एस.पी./टी.एस.पी. हेतु निर्धारित मानकों/अनुमोदित कार्ययोजना एवं निर्धारित मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
2. जिला योजनाओं के अन्तर्गत जनपदवार/योजनावार परिव्यय निर्धारण के उपरान्त उपरोक्तानुसार स्वीकृत धनराशि को आवंटित परिव्यय में समायोजित कराते हुए यथावश्यकता सम्बन्धित जनपदों की जिला योजना समिति का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किये जाने का उत्तरदायित्व निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0 का होगा।
3. धनराशि का कोषागार से आहरण एवं व्यय तभी किया जायेगा जब निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद योजना के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन/संचालन किया जाना आवश्यक एवं अपरिहार्य है।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग उसी मद/प्रयोजन में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है।
5. निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग योजनान्तर्गत धनराशि व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त प्रयोजन हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6. स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर किसी बैंक/डाकघर में नहीं जमा किया जायेगा तथा धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार ही किया जायेगा।
7. योजनान्तर्गत वस्तुओं/सामग्रियों आदि का क्रय उ0प्र0 भण्डार क्रय नियमावली तथा वित्त विभाग/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों, उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स) 2016 एवं शासन द्वारा निर्धारित विभागीय क्रय नीति का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
8. वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक-22.03.2021 में दिये गये निर्देशानुसार आगणन पर सुसंगत वित्तीय नियमों के आलोक में सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने व कार्यदायी संस्था का निर्धारण कराने के उपरान्त ही मानक मद 29-अनुरक्षण हेतु स्वीकृत धनराशि का आहरण किया जायेगा।
9. विभागाध्यक्षों/अन्य नियंत्रक अधिकारियों द्वारा बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाये कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाये।
10. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययता के सबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
11. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक-22.03.2021 में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं0-बी-1-1195/दस-16/94, दि0-06.06.1994 द्वारा निर्गत आदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-10-सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढीकरण तथा प्रजनन सुविधा उपलब्ध कराना (जि.यो.) की सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक-22.03.2021 में प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

**(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
विशेष सचिव।

**<u>पृ0सं0-25/2022/327(1)/सैंतीस-2-2022- तद्दिनांक ।</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. निदेशक (प्रशासन एवं विकास/रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
4. उप निदेशक (प्रक्षेत्र), महानगर, लखनऊ।
5. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/जिलाधिकारी।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3 ।
7. बजट प्रकोष्ठ/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

**(विनोद कुमार द्विवेदी)**
अनु सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

**शासनादेश संख्या-25/2022/327/सैंतीस-2-2022-1(43)/02, दिनांक-16 मार्च, 2022 का संलग्नक:-**

**सूकर प्रक्षेत्रों की स्थापना, विकास, सुदृढ़ीकरण तथा प्रजनन सुविधायें उपलब्ध कराना (जि.यो.) (कम्पोनेन्ट) (2021-22)**

**(धनराशि लाख रूपये में)**

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | मानक मद | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 02-मजदूरी | 29-अनुरक्षण | 39-औषधि तथा रसायन | 40-औषधालय संबंधी आवश्यक सज्जा | 42-अन्य व्यय | 43-सामग्री एवं सम्पूर्ति | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सम्भागीय सूकर प्रजनन केन्द्र, सी.डी.एफ. अलीगढ | 4.35 | 6.00 | 0.35 | 0.00 | 0.20 | 25.00 | **35.90** |
| 2 | राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, सैदपुर-ललितपुर (सूकर प्रजनन केन्द्र हेतु) | 1.25 | 2.00 | 0.10 | 0.10 | 0.10 | 9.00 | **12.55** |
| 3 | राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, नीलगांव, सीतापुर (सूकर प्रजनन केन्द्र हेतु) | 3.00 | 4.00 | 0.25 | 0.15 | 0.25 | 43.00 | **50.65** |
| 4 | सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र, आराजीलाइन्स, वाराणसी हेतु | 0.25 | 1.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 13.00 | **14.25** |
| 5 | राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र निबलेट, बाराबंकी (सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र हेतु) | 0.55 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 19.00 | **19.55** |
| 6 | परियोजना निदेशक, वृहद भेड प्रजनन प्रक्षेत्र, नौगढ, चन्दौली (सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र हेतु) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.20 | 0.00 | **0.20** |
| 7 | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जालौन | 0.00 | 0.00 | 0.20 | 0.05 | 0.20 | 0.30 | **0.75** |
| 8 | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद | 0.00 | 0.00 | 0.15 | 0.00 | 0.10 | 0.25 | **0.50** |
| 9 | मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ललितपुर | 0.00 | 0.00 | 0.20 | 0.00 | 0.20 | 0.90 | **1.30** |
| **योग-** | | **9.40** | **13.00** | **1.25** | **0.30** | **1.25** | **110.45** | **135.65** |

**(रूपये एक करोड़ पैंतीस लाख पैंसठ हजार मात्र)**

**(विनोद कुमार द्विवेदी)**
अनु सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।